आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

शारदीय नवरात्र आज से श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। आज सुबह से ही प्रदेश भर के शक्तिपीठो और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु माता के दर्शन पूजन कर रहे हैं। लोग अपने घरो में भी कलश स्थापना कर के पूजा अर्चना शुरू कर चुके हैं। आज शारदीय नवरात्र के पहले दिन माँ भगवती के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की जा रही है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम के माता बिन्ध्यवासिनी देवी मंदिर पर बीती मध्य रात्रि से ही नवरात्र मेला शुरू हो गया है। श्रद्धालु वहां पहुंच कर माता के दर्शन करने के बाद मेले का लुत्फ उठा रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेले में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुयी है। इनमें पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालु भी शामिल हैं।

वाराणसी के दुर्गाकुण्ड सहित विभिन्न देवी मंदिरो और अयोध्या के बड़ी देवकाली, छोटी देवकाली, जालपा देवी और पाटेश्वरी देवी मंदिरो पर भी दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। गोरखपुर जिले में माँ तरकुलहा देवी मंदिर और बुढ़िया माई मंदिर के अलावा महराजगंज जिले के आद्रवन स्थित लेहड़ा देवी मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिये पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव भी शुरू हो गया है। दुर्गा पाण्डालों में एक ओर जहां साज–सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है वहीं पूजा–अर्चना भी शुरू हो गयी है।

****

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रदेश के कई जिलों में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को चौपाल तथा पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन और नारी सम्मान के लिये जागरूक किया गया। कई स्थानों पर महिला सशक्तीकरण के लिये जागरूकता रैली भी निकाली गयी। अमरोहा में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस की पाठशाला लगाकर महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी सरकार की सेवाओं की जानकारी दी। फर्रूखाबाद में सभी थानों में गठित एन्टी रोमियो टीम की ओर से रैली निकाली गयी और महिलाओं को महिला सशक्तीकरण के लिये जागरूक किया गया। उन्नाव में एन्टी रोमियों टीम और महिला वीट अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्म सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी।

****

नवरात्र शुरू होने के साथ ही प्रदेश के लगभग सभी जिलों में रामलीला के मंचन का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। इसी क्रम में लखनऊ के ऐशबाग की रामलीला भी आज से शुरू हो रही है। मान्यता है कि यह देश की सबसे पुरानी रामलीला है। इसकी शुरूआत श्रीरामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास ने की थी। आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस रामलीला का समापन चौदह अक्टूबर को होगा। बारह अक्टूबर को दशहरा पर्व के दिन रावण वध की लीला आयोजित होगी।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा उन्तीस अक्टूबर से शुरू होने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान और होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तैयारी का जायजा लेने के लिये आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर के बताया कि प्रदेश में रिक्त विधानसभा सीटों पर सात दिसम्बर से पहले उप चुनाव करा लिये जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। दो हजार चौदह में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करने शुरू किये थे। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री तथा आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

****

अमरोहा के गजरौला स्थित **मन की बात** रेडियो संग्रहालय को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड मे दर्ज किया गया है। इस संग्रहालय में अलग–अलग मॉडल के एक हजार दो सौ सत्तावन रेडियो सेट संरक्षित हैं। इनमे सबसे छोटा तीन इंच और सबसे बड़ा एक मीटर का रेडियो शामिल है। संग्रहालय के संरक्षक स्वामी राम सिंह बौद्ध ने बताया कि रेडियो के संरक्षण की प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से मिली है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में इस संग्रहालय की चर्चा भी कर चुके हैं।

****

बलरामपुर में तुलसीपुर के देवीपाटन मंदिर परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच दिवसीय किसान मेले की आज से शुरूआत हुयी। मेले के पहले दिन लोगों को श्रीअन्न के लाभ और विविध कृषि तकनीक की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गयी। यह किसान मेला सात अक्टूबर तक चलेगा।

****